सांसद पुत्र के मकान के लिए सड़क निर्माण के उद्देश्य से किया जा रहा था यह अधिग्रहण !

# हाईकोर्ट की सख्ती : गलत तरीके से किए गए निजी भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना निरस्त

जबलपुर।

**मप्र हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सीधी कलेक्टर ने गलत तरीके से किए गए निजी भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना निरस्त कर दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच के समक्ष सीधी कलेक्टर ने यह जवाब पेश किया । इसके आधार पर कोर्ट ने याचिका निराकृत कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सीधी लोकसभा सांसद के पुत्र डॉ अनूप मिश्रा के मकान के लिए सड़क निर्माण के उद्देश्य से यह अधिग्रहण किया जा रहा था।**



सीधी निवासी गंगाप्रसाद वर्मा ने याचिका में कहा था कि उनकी निजी भूमि पर उनका मकान है। इसके पीछे सांसद के पुत्र डा अनूप मिश्रा ने मकान बनवाया। पहले उस मकान तक याचिकाकर्ता की जमीन से कच्ची सड़क बनाई गई। बाद में उसे पक्की बनाने के लिए राजनीतिक दबाव में कलेक्टर ने जुलाई 2025 में उक्त जमीन अधिग्रहण करने की अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में उक्त जमीन बटोली माइनर नगर के नाम पर अधिगृहित करने की बात कही गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र सिंह बघेल ने तर्क दिया कि उक्त नहर 2019 में ही पूरी हो चुकी है। गत 9 मार्च को कोर्ट ने सीधी कलेक्टर के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर उन्हें 12 मार्च को हाजिर होकर जवाब देने को कहा था। इस आदेश के पालन में कलेक्टर ने उक्त अधिसूचना निरस्त कर हाईकोर्ट में जवाब पेश कर दिया। इसी के आधार पर कोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।

## मेडिकल कालेज से गायब हो गया भर्ती हुआ मरीज

### हाई कोर्ट ने पुलिस को दिए तलाश कर पेश करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मेडिकल कालेज अस्पताल, जबलपुर में भर्ती मरीज के गायब होने के मामले को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पुलिस को लापता मरीज को तलाश कर पेश करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च को नियत की गई है।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता लालमीटी, घमापुर जबलपुर निवासी प्रीति विश्वकर्मा की ओर से अधिवक्ता अनीष त्रिवेदी ने दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने अपने पति को 25 अगस्त को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया था। जब वह शाम को पति से मिलने गई तो वे गायब थे। पति के गायब होने के संबंध में उसने सखी एप में शिकायत की थी। एप के माध्यम से संबंधित गढा थाने को घटना की जानकारी दी गई थी।

**मानवाधिकार आयोग ने लिया था संज्ञान**

याचिकाकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि इस मामले में मध्य प्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग ने भी संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट तलब की थी। पुलिस द्वारा पति की तलाश नही पाने के कारण उक्त याचिका दायर की गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान जिला पुलिस की ओर से अवगत कराया गया कि अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज में संबंधित व्यक्ति जाते हुए नहीं दिखा है। संबंधित व्यक्ति की तलाश के लिए उसके पोस्टर भी लगाए गए हैं। पुलिस के द्वारा उसकी तलाश जारी है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद पुलिस को लापता व्यक्ति की तलाश कर पेश करने के निर्देश दिए हैं।



## 3 माह में लौटेगी गौर नदी की पुरानी रौनकः महापौर

**जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के अगुवाई एवं स्थानीय विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ क्षेत्रीय नागरिकों और अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में नदी को पूरी तरह स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त करने का महा-अभियान शुरू हुआ। इस संबंध में महापौर ने बताया कि आगामी 3 महीनों के भीतर गौर नदी अपने पुराने स्वरूप में वापस लौटेगी।निगम प्रशासन ने इस सफाई अभियान के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की है, नदी की सतह पर जमी जलकुंभी और गाद को आधुनिक मशीनों और श्रमदान के जरिए हटाया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे नालों को टैप करने या डाइवर्ट करने की योजना है ताकि पानी की शुद्धता बनी रहे। सफाई के साथ-साथ नदी के किनारों को संरक्षित करने और वहां पौधारोपण करने का भी लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि यहाँ पर सौन्दर्यीकरण के कार्यो के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था आदि कार्य भी कराये जायेगें। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि गौर नदी हमारी धरोहर है। प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जन सहयोग के साथ हम इसे 90 दिनों में निर्मल बनाने की दिशा में कार्य करेगें। यह अभियान जबलपुर की जल संरचनाओं को बचाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।गौर नदी के साफ होने से आस-पास के इलाकों का भू-जल स्तर बढ़ेगा। नदी के आस-पास की जैव-विविधता और जलीय जीवों को नया जीवन मिलेगा। घाटों की सफाई होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह स्थान फिर से आकर्षण का केंद्र बनेगा। यह पहल जबलपुर को "स्वच्छ और जल-समृद्ध शहर" बनाने की दिशा में एक बड़ा संदेश है। महापौर ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि नागरिक नदी में कचरा न फेंकें और इस प्रयास को सफल बनाएं।



## राजस्व वसूली में हर हाल में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश

### अधिभार से बचने 12 दिन शेष, निगमायुक्त ने की समीक्षा

**जबलपुर।** नगर निगम सीमा के अंतर्गत रहने वाले नागरिकों को अधिभार रहित टैक्स जमा करने के लिए अब 12 दिन शेष है। राजस्व से जुड़े अधिकारियों की बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सख्त लहजे में कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी लक्ष्य पूर्ति के लिए मिशन मोड में काम करे।समीक्षा बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के विकास कार्यों के लिए समय पर करों का भुगतान अनिवार्य है। केवल राजस्व विभाग ही नहीं, बल्कि जल, स्वास्थ्य, बाजार, कॉलोनी सेल और भवन शाखा को भी राजस्व वसूली के अभियान में पूरी सक्रियता से जुड़ने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त सभी विभागों को आगामी 31 मार्च तक आवंटित लक्ष्य पूरा करने के लिए 'मिशन मोड' में काम करने को कहा गया है।

आयुक्त ने दो-टूक शब्दों में कहा कि लक्ष्य प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का उद्देश्य केवल वसूली करना नहीं, बल्कि नागरिकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाना भी है। उन्होंने कहा कि अधिभार रहित टैक्स जमा करने की यह सुविधा नागरिकों के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे न केवल जनता के पैसे बचेंगे, बल्कि प्राप्त राशि का उपयोग शहर की स्वच्छता, सड़कों और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में किया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, आनंद मिश्रा, के साथ सभी विभागीय अधिकारी और राजस्व अमले आदि उपस्थित रहे।

## पांच वर्ष या अधिक की सजा वाले नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

जबलपुर ।

**जिला बार के संविधान में हुआ सख्त संशोधन**

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के संविधान में सख्त संशोधन हुआ है। इसके तहत अब पांच वर्ष या अधिक सजा पाने वाले वकील जिला बार चुनाव नहीं लड़ जाएंगे। चुनाव लड़ने की पात्रता तभी मिल सकेगी जब वे आपराधिक प्रकरण में दोषमुक्त होने का आदेश प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी जिला बार के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि जिला बार चुनाव में मतदान को लेकर भी बंधन लागू किए गए हैं। नवीन संशोधन के तहत अब नवागत वकीलों को जिला बार की प्रारंभिक दो वर्ष की सदस्यता स्थायी के स्थान पर अस्थायी यानि प्रोविजनल मिलेगी। जब वे सालाना पांच कोर्ट आदेश-पत्रक सहित आवेदन प्रस्तुत करेंगे, तभी परीक्षण करके जिला बार की सदस्यता को स्थायी किया जाएगा। इससे पूर्व चुनाव में प्रत्याशी बनने, मतदान करने और सामान्य सभा में शामिल होने की अधिकारिता नहीं मिलेगी। इसके अलावा जिला बार का कोषाध्यक्ष पद महिला अधिवक्ता के लिए आरक्षित कर दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी का नवीन पद सृजित हुआ है, जिसे कार्यकारिणी मनोनीत करेगी। इसके लिए 10 वर्ष की वकालत अनिवार्य है।

## संवेदनशील प्रशासन का मानवीय चेहराः बेघर गरीब को मिला तत्काल आश्रय

**पनागर।** ग्राम महगांव में प्रशासन की संवेदनशीलता का सराहनीय उदाहरण सामने आया है, जहां एक गरीब, भूमिहीन एवं बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को त्वरित राहत प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य के चलते सुरेश दहिया का कच्चा मकान हट जाने से वे बेघर हो गए थे। मामले की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पटवारी शशि कोल, ग्राम सचिव विनोद तिवारी एवं सहायक जितेंद्र पटेल को मौके पर भेजा। टीम ने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान समाजसेवी एवं पत्रकार सौरभ मिश्रा ने भी पीड़ित की स्थिति को देखते हुए सहायता की मांग उठाई। उनकी पहल पर प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए ग्राम की राजस्व आबादी भूमि से अस्थाई रूप से प्लॉट चिन्हित कर सुरेश दहिया को आवास हेतु उपलब्ध कराया। प्रशासन एवं समाजसेवियों की इस त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई की स्थानीय ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की और इसे जनहित में एक अनुकरणीय पहल बताया।



**इनका कहना है**

"राजस्व विभाग का प्राथमिक दायित्व है कि जरूरतमंद एवं प्रभावित व्यक्ति को समय पर राहत दी जाए। ग्राम महगांव में सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई कराई गई और पात्रता अनुसार राजस्व आबादी भूमि से प्लॉट चिन्हित कर राहत दी गई।"

**सुनीता मिश्रा, नायब तहसीलदार पनागर**

"जैसे ही जानकारी मिली, हम मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन कर राजस्व अभिलेखों के आधार पर पात्र व्यक्ति को अस्थाई रूप से प्लॉट उपलब्ध कराया गया।

**शशि कोल, हल्का पटवारी**

## पुणे-गोरखपुर के बीच प्रतिदिन चलेगी स्पेशल ट्रेन

### इटारसी-रानी कमलापति-बीना में रहेगा ठहराव

**जबलपुर।** समर सीजन में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने पुणे-गोरखपुर-पुणे के बीच प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01415/01416 स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, रानी कमलापति और बीना स्टेशनों पर भी ठहराव करेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन संचालित होगी। यह ट्रेन सुबह 6:50 बजे पुणे से रवाना होकर रात 11:00 बजे इटारसी, 00:40 बजे रानी कमलापति और 03:20 बजे बीना पहुंचते हुए अगले दिन शाम 4:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर-पुणे स्पेशल 2 अप्रैल से 1 मई 2026 तक प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन शाम 5:30 बजे गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन बीना, रानी कमलापति और इटारसी होते हुए तीसरे दिन तड़के 3:15 बजे पुणे पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे, जिनमें एसी द्वितीय, एसी तृतीय, शयनयान, सामान्य श्रेणी एवं एसएलआरडी कोच शामिल हैं। ट्रेन मार्ग में दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड, भुसावल, खंडवा, झांसी, कानपुर, लखनऊ, गोंडा और बस्ती सहित प्रमुख स्टेशनों पर भी रुकेगी।



## 2500 वर्गफुट जमीन निगम ने कराई अतिक्रमण मुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशों के पालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते ने लमती स्थित मानस चौक पर बड़ी कार्रवाई की। जनहित और सुगम यातायात को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम ने यहाँ लगभग 2500 वर्गफुट क्षेत्र को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। निगमायुक्त के निर्देशन में टीम ने सुबह ही मानस चौक पहुँचकर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लगभग 2500 वर्गफुट क्षेत्र, जिस पर लंबे समय से अवैध कब्जा था, उसे पूरी तरह साफ कर दिया गया है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य मानस चौक और आस-पास के क्षेत्रों में यातायात के दबाव को कम करना और स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन आसान बनाना है। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस कार्रवाई की सराहना की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि अतिक्रमण हटने से न केवल सड़कें चौड़ी दिखेंगी, बल्कि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने स्पष्ट किया है कि शहर के व्यवस्थित विकास में बाधा बनने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा।

**वार्डवार वसूली अभियान**

## संभाग 2 में 9 दुकानों में की गयी तालाबंदी

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिन करदाताओं के द्वारा बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाया करों की राशि जमा नहीं की जा रही है, उन सभी करदाताओं के विरूद्ध कुर्की, नल कनेक्शन काटने, भूमि अधिग्रहण एवं दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क सम्पत्तियों को अवधि के उपरांत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए नीलाम करने की कार्रवाई भी की जायेगी। निगमायुक्त ने बताया कि करदाताओं के पास दुगना अधिभार से बचने अब मात्र 12 दिन शेष बचे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से करों की राशि दुगना कर दी जायेगी, और करों की वसूली सख्ती के साथ की जायेगी। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 17 में सम्पत्ति कर बकाया राशि 195250/- होने पर 9 दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सभी संभागों में 55 बकायादारों के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की गयी साथ ही 11 नल कनेक्शन भी काटे गए। कार्रवाई के दौरान सभी संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, करसंग्रहिता आदि उपस्थित रहे।

# देश में आरएसएस की 6 हजार शाखाएं बढ़ी

### पत्रकार वार्ता : संघ के संगठन कार्य में विस्तार की दी जानकारी

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 13, 14 और 15 मार्च 2026 को हरियाणा के समालखा में सम्पन्न हुई। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। देशभर से अपेक्षित 1493 कार्यकर्ताओं में से 1438 कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। यह जानकारी जबलपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. प्रदीप दुबे, प्रांत संघचालक एवं विनोद कुमार, प्रांत प्रचार प्रमुख ने दी। इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख विनय सोलंकी सहित प्रचार टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री दुबे ने बताया गत वर्ष संगठन कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। संघ की शाखाओं में लगभग छह हजार की वृद्धि के साथ कुल संख्या 88 हजार 949 हो गई है। स्थानों की संख्या भी चार हजार बढ़कर 55 हजार 683 हो गई है। साप्ताहिक मिलन 32 हजार 606 तथा संघ मंडली 13 हजार 211 हो गए हैं। महाकौशल प्रांत में भी 533 शाखाओं की वृद्धि के साथ कुल 3 हजार 078 शाखाएं हो गई हैं। यहां स्थानों की संख्या 402 बढ़कर 2 हजार 141 हो गई है। साप्ताहिक मिलन 918 तथा संघ मंडली 954 संचालित हो रहे हैं।




### संघ मना रहा शताब्दी वर्ष

पत्रकारवार्ता में बताया गया कि विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इस क्रम में देशभर में 62,555 विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए, जिनमें 32,45,141 तरुण बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त 22 हजार 656 स्थानों पर विजयादशमी पथ संचलन हुए, जिनमें 25 लाख 45 हजार 818 तरुण बाल स्वयंसेवक शामिल हुए। महाकौशल प्रांत में 3 हजार 138 स्थानों पर विजयादशमी उत्सव हुए, जिनमें 1 लाख 77 हजार 988 तरुण, बाल एवं शिशु स्वयंसेवक सहभागी बने।

### गृह संपर्क और हिन्दू सम्मेलन जारी

उन्होंने बताया कि अभी तक सम्पन्न 46 प्रांतों में से 37 प्रांतों में गृह संपर्क अभियान चलाया गया। इसके तहत 3 लाख 89 हजार 465 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 31 हजार 141 बस्तियों के 10 करोड़ 02 लाख 12 हजार 161 घरों में संपर्क किया गया। महाकौशल प्रांत में 20 हजार 483 ग्राम और 933 नगरीय बस्तियों के 43 लाख 49 हजार 923 घरों में संपर्क हुआ। इसी प्रकार 37 प्रांतों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए। ग्रामीण क्षेत्र में 23 हजार 141 मंडल सम्मेलन और नगरीय क्षेत्र में 13 हजार 905 बस्ती सम्मेलन संपन्न हुए, जिनमें 1 करोड़ 55 लाख 95 हजार 124 महिलाएं और 1 करोड़ 93 लाख 40 हजार 087 पुरुष उपस्थित रहे। कुल उपस्थिति 3 करोड़ 49 लाख 35 हजार 211 रही।

महाकौशल प्रांत में 2 हजार 178 मंडल सम्मेलन और 863 बस्ती सम्मेलन आयोजित हुए, जिनमें 9 लाख 87 हजार 326 महिलाएं और 14 लाख 57 हजार 495 पुरुष शामिल हुए। कुल 23 लाख 48 हजार 042 लोगों की सहभागिता रही। जबलपुर महानगर के कृषि भाग की सुहागी बस्ती में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की प्रमुख उपस्थिति में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें 4 हजार 500 लोग सहभागी रहे। वर्तमान में बड़ी संख्या में युवा संघ कार्य से जुड़ रहे हैं। इस वर्ष महाकौशल प्रांत के सभी 34 जिलों में युवा सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें 50 हजार 100 युवाओं ने भाग लिया।

## वासंतेय नवरात्र पर्व पर गूंजे मां के जयकारे

# धूमधाम से निकाली गई मंगल कलश शोभायात्रा

**जबलपुर।** शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुका है। प्रथम दिन माँ देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की उपासना आराधना कर देवी देवालयों में घट स्थापना कर जवारों को बोया गया। कल सुबह से ही देवी मंदिरों में जल ढारने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों खासकर महिलाओं की कतारें लग गईं थीं। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई।







वर्ष प्रतिपदा नये संवत्सर पर हिंदू संगठनों के द्वारा गुढ़ी पड़वा के रूप में नया वर्ष भी मनाया गया। गुड़ी पड़वा मनाकर पूजन अर्चन किया गया। वहीं जगह-जगह भगवा ध्वज और भगवा झंडियां लगाकर शहर को भगवामय बनाया गया। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदेय नवरात्र घटस्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। गुरुवार की तड़के से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं देवी देवालयों, मठ मंदिरों में देर रात्रि तक घटस्थापना जवारों की बुवाई का सिलसिला चलता रहा। आज दूसरे दिन देवी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा की जायेगी। लगातार नौ दिनों तक शहर शनैः-शनैः भक्ति में डूबता जायेगा। मातारानी के दरबार भव्यता के साथ सजाये गये। नगर के सभी देवी मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है।

वासंतेय नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी पर तड़के से ही सड़कों पर श्रद्धालुओं का निकलना प्रारंभ हो गया। रात के प्रथम पहर ही लोग उठ गये और स्नान ध्यान कर उन्होंने पूजा-अर्चना प्रारंभ की। महिलायें जल लेकर माँ भवानी के पैर पखारने मंदिरों की ओर चल पड़ीं। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, सदर काली मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ मढ़ाताल सिविक सेंटर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, छोटी देवन दीक्षितपुरा, छोटी खेरमाई मानस भवन राईट टाऊन में जल ढारने वाले महिला श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं नववर्ष प्रतिपदा पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न प्रखंडों में पथ संचलन निकाले गये। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी, अभिनव भारत आदि संगठनों ने भी धर्म जागरण रैलियां निकालीं और वर्ष प्रतिपदा नववर्ष की शुभकामनाएं लोगों को दीं।

### धूमधाम से निकली मंगल कलश शोभायात्रा

हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा पर नारायणी सेना द्वारा 19 मार्च को चैत्र नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर शाम 4 बजे से बाजे-गाजे और धूमधाम के साथ मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड, ढोल, धमाल के बीच हिंदू देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भगवा ध्वज लेकर युवा व महिलाएं शामिल थी। शोभायात्रा में देवी देवताओं की झांकियां निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा छोटा फुहारा, मिलौनीगंज, तमरहाई चौक, कोतवाली, सराफा, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज, घमंडी चौक होते हुए दमोहनाका पहुंची। नारायणी सेना जबलपुर के प्रमुख सीताराम सेन, राज कुमार भोजक, अरविन्द दुबे, मनोज जायसवाल, राहुल महाराज, राहुल हटारिया, नितिन चौदहा आदि उपस्थित थे।

# लालमाटी से आज निकलेगी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा



**जबलपुर।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव 20 मार्च को धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भारतीय एकता मंडल (सिन्धु एकता फाउंडेशन) लालमाटी के तत्वावधान में भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा 20 मार्च को शाम 6.30 बजे सिंधी सिंगल क्वार्टर, चांदमारी से हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी, जिसमें लाल सांई वरुण देवता की सजीव झांकी, सिंध के महापुरुषों, अमर शहीद हेमू कलानी, महाराजा दाहिर सेन, माता हिंगलाज एवं माँ दुर्गा, हनुमानजी के विराट रूप की झांकियां शामिल की जाएंगी। इसके पूर्व झूलेलाल की प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसमें समाज के महिला, पुरुष क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आयाराम दरबार पहुंचेंगे, जहां प्रभातफेरी का समापन होगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील भारतीय एकता मंडल अध्यक्ष हरीश सचदेवा, गनेश जेठवानी, भरत मंगलानी, रवि तोतलानी, सोनू लालवानी, दीपक चांदवानी, हरीश नवानी, संजय तोतलानी, धर्मेन्द्र बेलानी, सुनील जोधवानी, अशोक ठाकुर, संजय भवानी, शैलेष बचवानी, सुरेश रामचंदानी, निक्की लालचंदानी, शंकर आहूजा, गोप जबरानी, दुलीचंद देवानी, नंदलाल रामचंदानी, महेश माखीजा, राम पंजवानी, अशोक जग्यासी, सोनू माखीजा, हरीश वाधवानी, विजय हरचंदानी सहित अन्य ने की है।

# ॐ प्रणव ध्वनि सर्वोच्च सत्य का प्रतीकः आचार्य धीरेंद्र पांडे



**जबलपुर।** चैत्र नवरात्र, हिंदू नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा पर्व के उपलक्ष्य में तथा आर्य समाज भवन के 151वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वैदिक मंत्रों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई, जिसमें आचार्य धीरेंद्र पांडे द्वारा कहा गया कि वैदिक मंत्र हिंदू धर्म की नींव ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, अर्थवेद से लिया गया ॐ प्रणव ध्वनि जो सर्वोच्च सत्य का प्रतीक है और कहा कि यज्ञ द्वारा अग्नि में डाला गया पदार्थ सीधे देवताओं तक पहुंच गया, क्योंकि हमारे भगवान ब्रह्मा ने सभी जीवों की रचना की है, हमारी शक्ति की उपासना का दिन भी है, क्योंकि हर अंत में अंत के बाद नया आरंभ होता है जिसे हम क्षेत्र पर्व नववर्ष, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा नाम से मनाते हैं, जो नारी शक्ति के प्रतीक में नौ देवी दुर्गा जी के स्वरूपों की पूजा की जाती है इन दिनों कलश उपासना, आध्यात्मिक अनुष्ठान कर सभी सनातनी लाभ अर्जित करते हैं। आईएसआई तारा में तय में आज सनातन सनातनियों ने अपनी यज्ञ आहुति देकर नववर्ष उत्साहपूर्वक मनाया, जिसमें समाज के प्रधान सोमवेंद्र माहेश्वरी, महिला प्रधान डॉक्टर कुमारी अरुण सिंह रोहित माटा, देवेन्द्र माहेश्वरी, डॉक्टर रश्मि झा, अंजना सक्सेना, वीरेन्द्र धमीजा, सुदेश धमीजा, भजन की प्रस्तुति सुदेश धमीजा द्वारा की गई।

# भू-राजस्व जमा न करने पर बिल्डर के खिलाफ कुर्की वारंट



**बरेला।** कलेक्टर जबलपुर के निर्देश पर राजस्व वसूली अभियान के तहत बरेला तहसील प्रशासन ने एक बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तहसीलदार शशांक दूबे द्वारा मेसर्स स्क्वायरफीट डेवलपर के संचालक विनय बन्ने, सुलेख चौकसे और राजेंद्र कुमार को कई बार भू-राजस्व जमा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद करीब 11,92,818 रुपये की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर तहसीलदार ने संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ कुर्की वारंट जारी कर दिया। साथ ही ग्राम कुकड़ीखेड़ा स्थित खसरा नंबर 20, 21, 22/2 और 23/2 की भूमि पर अहस्तांतरणीय प्रविष्टि दर्ज करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अन्य बकायादारों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



# हनुमान जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग

## मुख्यमंत्री को भेजे सैकड़ों पोस्ट कार्ड

**सिहोरा।** हनुमान जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग इस समय जोर पकड़ रही है तथा अनेक संगठन विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के मुखिया तक यह मांग भेजी है। इसी कड़ी में सिहोरा डाकघर के मुख्य अधिकारी श्री मिश्रा को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे,सनातन समरसता सद्भाव महासंघ के संयोजक अरुण जैन एडवोकेट अजय किशोर तिवारी,एडवोकेट अमरनाथ पटेल,एडवोकेट अभय ब्यौहार,एडवोकेट संजय सेंगर,राजभान मिश्रा, मुकेश मिश्रा,,विमलेश जैन,अभिजीत पाठक, सुनील नायक,रमेश चौधरी,नीलम गोस्वामी,उमेश तिवारी,साधना राजभर आदि ने हस्ताक्षर सहित लगभग 101 पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को प्रेषित किए। जिसमें हनुमान जन्मोत्सव को राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की गई है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा की कार्यकारिणी घोषित

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव की सहमति से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल ने ब्लाक कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें कोषाध्यक्ष- राजेश पटेल,उपाध्यक्ष अवसर पटेल,मनीष शुक्ला,दिलीप जैन,माधुरी दाहिया, मनीषा पटेल, अजय पाठक डब्बू, महासचिव डॉ, दिनेश पटेल, जितेंद्र तिवारी, मंसूर मंसूरी, नीरज पाठक, सीमा ठाकुर, आशीष पटेल, बबुआ पटेल, चंद्रजीत पटेल, के के दुबे,सचिव- संतोष पटेल, फैज आलम शाह, मनोज पटेल, आनंद मोहन दाहिया, शंभू पटेल, प्रदीप गौतम, राजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, शैलेंद्र त्रिपाठी, युसूफ खान, सोशल मीडिया जितेंद्र पटेल, जितेंद्र दुबे, प्रांजल सराफ के साथ तीस कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में शिक्षा खेल कैलेंडर के तहत संभाग स्तरीय शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 मार्च 2026 से हुआ। प्रतियोगिता में इंदौर, डिंडोरी, नरसिंहपुर, मंडला, जबलपुर और कटनी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 50 वर्ष से ऊपर एवं 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के महिला-पुरुष प्रतिभागी शामिल हुए। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल एवं टीम मैनेजर डॉ. नेहा दवे ने किया। इस दौरान बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और लॉन टेनिस प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मंच संचालन डॉ. ज्योति जुनगरे ने किया। प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने खेलों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया, वहीं प्रो. शुक्ल ने खेलों को तनाव मुक्ति का बेहतर साधन कहा। डॉ. नेहा दवे ने दैनिक जीवन में खेलों को अपनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शालिनी यादव एवं गुलबहार खान भी भाग ले रहे हैं। विभिन्न स्पर्धाओं में संभाग के अनेक खिलाड़ियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# सिहोरा की पूजा सिंह स्टेट गार्गी योगिनी अवॉर्ड' से सम्मानित

सिहोरा।




एनसीईआरटी परिसर भोपाल में आयोजित इंडियन योगिनी एसोसिएशन के 6 वें अंतर्राष्ट्रीय योगिनी अवॉर्ड्स एवं कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन वन अर्थ,वन हेल्थ थीम पर आधारित कार्यक्रम में देश-विदेश से आए योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों ने योग मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर सिहोरा की पूजा सिंह को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गार्गी योगिनी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके योग के प्रति समर्पण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर में योग में पदक प्राप्त करने , योग विषय में शोध कार्य और समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

# महाकोशल चेम्बर ने 23 मार्च को उद्योगपतियों की बैठक बुलाई

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ने शासकीय औद्योगिक क्षेत्र आधारताल एवं रिछाई में नगर निगम द्वारा अवैधानिक एवं असंगत संपत्तिकर वसूली प्रक्रिया के तहत उद्योगों पर अनुचित दबाव बनाते हुए की जा रही कार्यवाही का कड़ा विरोध किया है। इस अति गंभीर स्थिति पर चर्चा एवं निर्णय हेतु महाकोशल चेम्बर द्वारा सोमवार 23 मार्च को उद्योगपतियों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को पत्र प्रेषित कर चेम्बर ने नगर निगम के अवैधानिक कार्यों पर अंकुश लगाते हुए जबलपुर के उद्योगों के हितों की रक्षा तथा औद्योगिक विकास हेतु आगे आकर सहयोग करने की अपील की है। महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली, समीर पाल एवं हरनारायण सिंह राजपूत ने सभी संबंधित उद्योगपतियों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**बरेला।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित देवी तलैया खेरमाई मंदिर प्रांगण में पनागर विधायक सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से देवी तलैया का सौंदर्यीकरण भी किया गया। कार्यक्रम में माया इंदु तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम सिंह, सीएमओ संजय पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। पार्षदगण और स्थानीय नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए आमजन से जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में सहयोग की अपील की।

# सीएम हेल्पलाइन 181 की छवि धूमिल करने का आरोप, सड़क निर्माण में अनियमितता का मामला



**बरगी।** ग्राम पंचायत हरदुली में सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। जनपद सदस्य अशोक पटेल ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार सरपंच विश्व देवी पंचदेव द्वारा घटिया सामग्री से सड़क निर्माण कराया गया, जिससे सड़क में धूल उड़ने और गिट्टी उखड़ने की समस्या सामने आ रही है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज कराई गई थी, लेकिन आरोप है कि एल-1, एल-2 और एल-3 स्तर पर बिना स्थल निरीक्षण के ही शिकायत को "मांग आधारित" बताकर बंद कर दिया गया। जनपद सदस्य ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामला सोशल मीडिया पर आने के बाद निर्माण में खामियों को छिपाने के लिए सड़क पर अतिरिक्त परत डाली गई। जनपद सदस्य ने कलेक्टर से पूरे प्रकरण की सूक्ष्म जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।


## नाम परिवर्तन

मैं, रतन कुमार खर्द पिता श्री बाबूलाल खर्द, निवासी: फ्लैट नं. 1202-बी, विजन परोहा डेवलपर, एकता चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)। सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट (नंबर: P5519187) में मेरा नाम रतन खर्द अंकित है, जबकि मेरे आधार और पैन कार्ड में मेरा सही नाम रतन कुमार खर्द दर्ज है। भविष्य में मुझे रतन कुमार खर्द के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

पूर्व नाम : रतन खर्द
वर्तमान नाम : रतन कुमार खर्द

## नाम परिवर्तन सूचना

मै श्रीमति उषा लक्ष्मी राजन पत्नि स्व. विजय राजन निवासी म.न. 926 गली नं. 21, सदर केन्ट जबलपुर (म.प्र.) विवाह पूर्व उषा लक्ष्मी आत्मज स्व. ग्रीन फ्रांसिस के नाम से जानी जाती थी तथा शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा यही नाम दर्ज था, विवाह पश्चात मेरा नाम उषा लक्ष्मी राजन हो गया तथा यह नाम प्रचलित है। उषा लक्ष्मी तथा उषा लक्ष्मी राजन दोनों ही मेरे नाम है। आम जनता के सूचनार्थ।

स्थान : जबलपुर
वर्तमान नाम - उषा लक्ष्मी राजन
विवाह पूर्व नाम - उषा लक्ष्मी

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अंशु द्विवेदी, पत्नी क्रमांक 15683833के, हवलदार बी के द्विवेदी, यूनिट एमसीटीई, महू, C/O 56 एपीओ, शपथपूर्वक पुष्टि और घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम अंशु माला दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही नाम अंशु द्विवेदी है।

मैं शपथपूर्वक पुष्टि और घोषणा करती हूँ कि ऊपर कही गई सभी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही हैं।

गलत नाम - अंशु माला
सही नाम - अंशु द्विवेदी
BV 228548

## जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं शुवी द्विवेदी, पुत्री क्रमांक 15683833के, हवलदार बी के द्विवेदी, यूनिट एमसीटीई, महू, C/O 56 एपीओ, शपथपूर्वक पुष्टि और घोषणा करती हूँ कि मेरे पिता के सेवा रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 8 अगस्त 2009 दर्ज है, जो गलत है। मेरी सही जन्मतिथि 6 अगस्त 2009 है।

मैं शपथपूर्वक पुष्टि और घोषणा करती हूँ कि ऊपर कही गई सभी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सही हैं।

गलत जन्मतिथि
8 अगस्त 2009
सही जन्मतिथि
6 अगस्त 2009
BV 228546


**श्री केदारनाथ मौर्य-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री केदारनाथ मौर्य (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कलावती राजपूत-** गोरखपुर निवासी श्री बंशी लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लीला बाई-** सुभाष नगर रांझी निवासी श्री दिलीप कुमार कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री मुन्ना लाल कोरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आरती मंडल-** आदर्श कॉलोनी रांझी निवासी श्री पीके मंडल की धर्मपत्नी श्रीमती आरती मंडल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री शंकर सतनामी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री शंकर सतनामी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता दीक्षित-** इंजीनियरिंग कॉलेज कॉलोनी गोकलपुर निवासी श्री सुभाष दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती ममता दीक्षित (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोलू गोंटिया-** महाराजपुर बावली के पास निवासी श्री हरी लाल गोंटिया के पुत्र श्री गोलू गोंटिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीराम टंडन-** रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्रीराम टंडन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला शिवहरे-** गणेश चौक सदर निवासी श्री सुशील कुमार शिवहरे की धर्मपत्नी श्रीमती शीला शिवहरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र पुरी गोस्वामी-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री राजेंद्र पुरी गोस्वामी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाइट 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160


# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पंजीयन शिविर आज

जबलपुर।

सहायक श्रमायुक्त कार्यालय जबलपुर और कार्यालय कल्याण आयुक्त जबलपुर के सहयोग से नागरिक अधिकार मंच द्वारा बादशाह हलवाई मंदिर पोलीपाथर के समीप असंगठित कामगारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए 20 मार्च को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत पंजीयन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत मजदूरों को 60 साल की आयु पूर्ण करने के उपरांत 3000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। इस शिविर में मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त पवन मंडोल, कल्याण आयुक्त नवीन वैद्य, उपकल्याण आयुक्त अंकुर, धर्मवीर मौर्या और शिवकुमार ने मजदूरों से कार्यस्थल पहुंचने की अपील की है।

### शक्ति की उपासना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि हर्षोल्लास के साथ आरंभ

# विख्यात शक्तिपीठ मां गंगा मैया मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शक्ति की उपासना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया है। बालोद जिले के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां गंगा मैया मंदिर (झलमला) में पहले दिन सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

मंदिर परिसर माता के जयकारों और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिसमें दूर-दराज के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था झलक रही है। घी और तेल की ज्योत से जगमगाया गर्भगृह इस वर्ष मां गंगा मैया मंदिर में कुल 130 घी ज्योति कलश और 1171 तेल ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। वहीं, परिसर स्थित शीतला माता मंदिर में भी 91 तेल ज्योति कलश और 9 विशेष ज्योत जलाई गई हैं। मंदिर समिति के अनुसार, भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है।






#### सवा सौ साल पुराना चमत्कारिक मंदिर

मां गंगा मैया मंदिर का इतिहास लगभग सवा सौ साल पुराना और चमत्कारिक माना जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार, ब्रिटिश काल के दौरान झलमला के एक मछुआरे सोमा निषाद के जाल में जलाशय से यह मूर्ति बार-बार निकल रही थी। माता द्वारा स्वप्न में दर्शन देने के बाद ग्रामीणों ने ससम्मान मूर्ति को बाहर निकाला। चूंकि माता जल (तालाब) से प्रकट हुईं, इसलिए इन्हें 'गंगा मैया' के नाम से पुकारा जाने लगा। तांदुला बांध के निर्माण के समय से ही इस मंदिर की ख्याति और वैभव में निरंतर वृद्धि हुई है।


#### मन को मिलती है शांति

नवरात्रि के पहले दिन दर्शन करने पहुंचीं भिलाई की आशा जंघेल (जामुल नगर पंचायत कर्मी) ने बताया कि उन्होंने मंदिर की महिमा के बारे में काफी सुना था और यहां आकर वे खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हैं। वहीं, अपनी बेटी के जन्मदिन पर दर्शन करने पहुंचीं दीपमाला गेडाम ने कहा कि मंदिर का वातावरण और माता के प्राकट्य की कहानी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है, यहां आने से मन को असीम सुकून मिलता है।

### अलग से बनाया गया मेनू चार्टः दूध, फल, आलू टिकिया, साबूदाना की स्पेशल व्यवस्था

# कोरबा जिला जेल में नवरात्रि की धूम महिला और कैदी रख रहे उपवास

**कोरबा।** जिला जेल में नवरात्रि की धूम है। जहां नवरात्रि के पहले दिन से नौ दिनों तक आदिशक्ति मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना हो रही है। पहले दिन से ही रोज मां आदिशक्ति पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं जेल में महिला और पुरुष कैदी नवरात्रि उपवास रख रहे हैं। जिनके लिए विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अलग से मेनू चार्ट बनाया गया है। दूध,फल आलू टिकिया, साबूदाना इन सब की व्यवस्था की गई है। जिसे समय अनुसार दिया जाएगा। वहीं उनकी पूजा अर्चना के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। पूरे नौ दिनों तक भक्ति के माहौल में जिला जेल कोरबा रहेगा। जिला जेल में लगभग 200 महिला और पुरुष कैदी हैं। जिनकी जिला जेल में देखने की जाती है।



#### *दो महिलाएं और चार पुरुषों को उपवास की अनुमति*

*दो महिला और चार पुरुष नवरात्र उपवास के लिए जिला जेल में प्रस्ताव रखा है। जहां जिला जेल प्रबंधन में उनके प्रस्ताव के बाद निर्माता मेडिकल जांच कराया गया है। उपवास रहने की स्थिति में है या नहीं। जिन्हें दो महिला और चार पुरुष को उपवास रहने की अनुमति दी गई है। जिला जेल प्रभारी अमितेश साहू ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार नवरात्र को लेकर यहां जो कैदी उपवास में हैं, उनके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। वहीं उनकी पूजा पाठ की सारी तैयारियां की गई है। इसी तरह कोरबा कटघोरा जिला जेल में भी नवरात्रि को लेकर पूरी व्यवस्थाएं की गई है। उपवास रहने वाले कैदियों के लिए विशेष फलाहार और पूजा अर्चना की भी व्यवस्था की गई है। बताया जा रहा है कि जेल में कई ऐसी महिला और पुरुष बंदी रहते हैं, जहां नवरात्र को लेकर काफी देखा जाता है। उनकी भक्ति को देखते हुए एक अलग वातावरण जेल में बनता है।*

### सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए थाना स्टाफ को दिया जाए विशेष प्रशिक्षण

# होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक आपदा में सुरक्षा कवच का करते हैं कार्य : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा या मानव निर्मित दुर्घटना के समय नुकसान को कम से कम करना और जनजीवन को पुनः पटरी पर लाना महत्वपूर्ण होता है। संकट के समय में धैर्य और साहस बनाए रखना जरूरी होता है। ऐसी घड़ी में होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों की तत्परता और सेवा भावना समाज के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश में 82 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की एक विशाल और अनुशासित शक्ति विद्यमान है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में कोविड जैसे कठिन काल और आतंकी हमलों के विरूद्ध हुई ठोस कार्रवाइयों से सिविल डिफेंस सिस्टम अधिक समर्थ बना है। हमारे सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन, अग्निकांड और राहत-बचाव के कार्यों में निरंतर प्रशिक्षित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में नागरिक सुरक्षा का इतिहास लंबा है। वर्ष 1968 में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर से आरंभ हुई यह यात्रा आज वट वृक्ष बन चुकी है। आज प्रदेश में मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा के 82 हजार से अधिक वॉलेंटियर्स हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम- 2026 को होमगार्ड परेड ग्राउंड पर संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- बदलती तकनीक के साथ आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए भी होमगार्ड्स सक्षम बनें
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष हुआ आपदा में बचाव का डेमास्ट्रेशन


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्समंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### बचाव के तरीकों का मुख्यमंत्री ने डेमोंसट्रेशन देखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत आपदा में बचाव के तरीकों के डेमोंसट्रेशन का अवलोकन किया। मध्यप्रदेश सिविल डिफेंस के वॉलेंटियर्स ने बाढ़ के दौरान रबर बोट तैयार करने, रोप ब्रिज निर्माण, मुश्किल वक्त में सीपीआर देने की प्रक्रिया और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीकों और रोप रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। इंदौर सिविल डिफेंस की बेटियों ने सेल्फ डिफेंस का प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वॉलेंटियर्स को नागरिक सुरक्षा जैकिट वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डीजी होमगार्ड श्रीवास्तव ने इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

#### बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यकः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देना आवश्यक है। इस दिशा में की जा रही पहल की उन्होंने सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रमुख मार्गों के आसपास के थाना स्टाफ को सड़क हादसे के घायलों की जान बचाने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नागरिकों का जीवन सुरक्षित करने के लिए 'राहवीर योजना' और 'पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा' जैसी सुविधाओं की शुरुआत की है। मध्यप्रदेश यह पहल करने वाला देश का प्रथम राज्य है। वन्य जीव प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के लिए भी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

### मुख्यमंत्री से मिले एसएईएल के पदाधिकारी



# बॉयोमास एग्रीकल्चर वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन के लिए 3200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार की शाम नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन (ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन) के नामी कंपनी एसएईएल के पदाधिकारियों ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। कंपनी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश में अपनी भावी निवेश योजना की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सुखबीर सिंह आवला ने मप्र में बॉयोमास एग्रीकल्चर वेस्ट उर्जा उत्पादन के लिए 3200 करोड़ रुपए निवेश करने का प्रस्ताव दिया। कंपनी के एमडी ने इसके अतिरिक्त भी अन्य संभावनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कंपनी की ओर से मप्र में निवेश करने की मंशा पर प्रसन्नता जताई और कहा कि मप्र की धरती पर निवेशकों का स्वागत और अभिनंदन है। सौजन्य भेंट के दौरान प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### अर्जुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीचा की घटना

# अधजली हालत में मिला युवती का शव, इलाके में मची सनसनी

***पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो पाएगा सही कारणों का खुलासा***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीचा में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां गांव की ही 21 वर्षीय युवती, लिलेश्वरी साहू का अधजला शव पैरे (पराली) के ढेर में मिला है।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए साइबर क्राइम की टीम मृतका के मोबाइल रिकॉर्ड्स और संदिग्धों की तलाश कर रही है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है, ताकि हत्या के कारणों का पता चल सके। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### गंज थाना क्षेत्र का मामला, कुछ दिन पहले घर से हुई थी लापता

# युवती ने होटल की छत से कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन रोड के एक होटल में गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती ने होटल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना अचानक हुई, जिससे मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए।

युवती की गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। मृतका की पहचान हनी गुप्ता के रूप में हुई है, जो रायगढ़ जिले के चिरंजीवदास नगर, कोहाकुंडा की रहने वाली थी। उसके पिता का नाम दीपक गुप्ता बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक युवती पिछले कुछ दिनों से स्टेशन रोड स्थित सिद्धिविनायक होटल में ठहरी हुई थी। बताया जा रहा है कि हनी गुप्ता पिछले कुछ वर्षों से रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान वह कुछ समय से अपने अस्थायी पते से लापता हो गई थी, जिसके बाद विधानसभा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद पुलिस ने होटल के कमरे की भी जांच की, लेकिन मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है, जिसमें व्यक्तिगत, पारिवारिक और मानसिक स्थिति से जुड़े पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।




### जैजैपुर थाना क्षेत्र के जर्वे गांव की घटना, मामला दर्ज

# दिव्यांग शिक्षक की बेरहमी से हत्या हत्यारे ने किया शव जलाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले में बुधवार की रात अज्ञात हमलावर ने एक दिव्यांग शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को जलने का प्रयास किया। मृतक की पहचान देवानंद भारद्वाज के रूप में हुई है, जो पिहरीद में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। घटना जैजैपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जर्वे गांव की है।

जानकारी के अनुसार, आशंका है कि अज्ञात हमलावर ने शिक्षक पर पहले धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं, हत्या के बाद भी आरोपी का मन नहीं भरा तो उसने मृतक के शव को घसीटते हुए घर के पीछे ले जाकर जलाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही जैजैपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटनास्थल को घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।



#### *आरोपी फरार, जल्द गिरफ्तारी का दावा*

*प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हत्या संभवतः पैसों की लेनदेन के विवाद को लेकर की गई है, हालांकि मामले की स्पष्ट जानकारी जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी। घटना के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। पुलिस आसपास के लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की दिवंगत पुत्री सुरभि को श्रद्धांजलि देने विस अध्यक्ष तोमर समेत मंत्री, पदाधिकारी पहुंचे

# सुरभि खंडेलवाल को बैतूल में हजारों लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की पुत्री सुरभि खंडेलवाल की स्मृति में बुधवार को बैतूल स्थित विजय सेवा न्यास के सामने न्यू बैतूल ग्राउंड, कोठी बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में केन्द्रीय मंत्री, मप्र शासन के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक एवं परिजनों ने सुरभि खण्डेलवाल को स्मरण करते हुए कहा कि उनका देवलोकगमन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रभु उनको अपने श्रीचरणों में स्थान दें, ऐसी प्रार्थना है।


स्व. सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते विस अध्यक्ष तोमर।


श्रद्धांजलि देते उपाध्याय व अग्रवाल


खंडेलवाल से चर्चा करते विस अध्यक्ष तोमर व संत।

#### केंद्रीय मंत्री उइके, मंत्री परमार, कुशवाह, काश्यप, निर्मला, नरेंद्र, पदाधिकारी अग्रवाल समेत जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह।

श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश शासन के मंत्री इंदर सिंह परमार, नारायण सिंह कुशवाहा, चैतन्य काश्यप, निर्मला भूरिया, नरेंद्र शिवाजी पटेल, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, पूर्व मंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सेवा प्रमुख ओमप्रकाश सिसोदिया, नर्मदापुरम विभाग प्रचारक नरेंद्र यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार सहित मंत्री-विधायक, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, परिवारजन, सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बैतूल पहुंचकर खंडेलवाल को दी सांत्वना

# डॉ. शर्मा ने स्व. सुरभि को दी श्रद्धांजलि

प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश डॉ. नीतेश शर्मा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की पुत्री स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर बैतूल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।





# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है। हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है।

लाइफ Style

# ममता

## संन्यासी जीवन भूल दोस्तों के साथ पहुंचीं गोवा

*ममता कुलकर्णी अब एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह गोवा में दोस्तों के साथ नजर आईं, जहां उनका ग्लैमरस लुक कैमरे में कैद हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में ममता स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अवतार में दिखीं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता इस नए रूप ने फैंस को चौंका दिया है, क्योंकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। अब उनका यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। साल 2025 के महाकुंभ में गेरुआ चोला पहन संन्यासी जीवन अपनाने को लेकर चर्चा में रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। महाकुंभ में वह किन्नर अखाड़े के साथ जुड़ीं और महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं और श्री यमाई ममता नंद गिरि हो गईं। इस पर काफी विवाद भी हुआ। इसी साल 27 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने कहा था कि मैंने 25 साल का आध्यात्मिक जीवन जीया। अभ्यास जैसे पहले जारी था, आगे भी रहेगा। लेकिन, अब उनके रंद-ढंग बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह दोस्तों के साथ गोवा पहुंची, जहां उनका ग्लैमरस अवतार नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनका बदला-बदला अवतार नजर आ रहा है। सहेलियों के साथ वह गोवा ट्रिप पर हैं, जिसकी झलकियां देख सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। मोबाइल पर वीडियो बनते देख ममता कुलकर्णी ने अपनी अदाएं दीखिए।



हॉलीवुड मसाला

# डोरमोन को दिलाई खास पहचान




**लॉस एंजिल्स।** जापानी एनीमेशन इंडस्ट्री से एक बहुत ही दुखद खबर सामने आई है। 'डोरेमोन'को खास पहचान देने वाले मशहूर निर्देशक शिबायामा त्सुतोमु का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने करीब 20 साल तक इस शो को संभाला है और इस बीच कई 'डोरेमोन' फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई शानदार फिल्में दी हैं। शिबायामा त्सुतोमु को जापान में अक्सर 'नेशनल एनीमेशन के पिता' कहा जाता था। उन्होंने 'डोरेमोन' को करीब 20 साल तक संभाला और इसे हर पीढ़ी के दिल तक पहुंचाया।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में हुई डॉक्टर बैनर की एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में (टॉम हॉलैंड) पीटर पार्कर (जेंडाया) मिशेल यानी एमजे जोन्स वॉटसन के वीडियो देखने से होती है। जिसको देखने के बाद पीटर काफी नाराज हो जाता है और एक ऊंची बिल्डिंग से नीचे गिर जाता है। ट्रेलर में आगे यह भी दिखाया गया कि फिल्म में पीटर को किसी वजह से सभी भूल जाते हैं, यहां तक की उसकी गर्लफ्रेंड मिशेल और उसका दोस्त भी उसे नहीं पहचानते। आखिर में ब्रूस बैनर की एंट्री भी दिखाई गई है। टॉम हॉलैंड ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'अब एक नए दिन की शुरुआत हो रही है।' इसके साथ ही टॉम ने लिखा कि वह अपनी इस फिल्म को सभी के साथ शेयर करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




# नागजिला का नया पोस्टर रिलीज...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर 'नागजिला' का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ पोस्ट में लिखा है 'नागजिला- एक ऐसी दुनिया, जहां रूप बदलने वाले 'इच्छाधारी नाग' इंसानों के बीच रहते आए हैं। इसमें तब अफरा-तफरी मच जाती है, जब एक बेफिक्र रहने वाले इच्छाधारी नाग की 'नागमणि' और उसकी जान, एक सत्ता के भूखे खलनायक के कारण खतरे में पड़ जाती है।' आपको बता दें कि 'नागजिला' की शूटिंग 16 मार्च को पूरी हो चुकी है।



# राकेश धुरंधर-2 में निकले हुकुम का इक्का

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में लीड रोल में रणवीर सिंह हैं। लेकिन क्लाइमैक्स सीन में कुछ ऐसा होता है कि दर्शक राकेश बेदी पर फिदा हो जाते हैं। अब उन्हें ही असली धुरंधर माना जा रहा है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं। फिल्म 'धुरंधर में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है।

टीवी मसाला



# दीपिका के बेटे रूहान ने सलमान के घर के बाहर गाया ओ ओ जाने जाना

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग में बेटे रूहान के साथ एक प्यारा सा पल शेयर किया। वीडियो में परिवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के पास से गुजरते हुए देखा गया, तभी उनके छोटे बच्चे ने अपने गायन कौशल से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शोएब इब्राहिम ने एक वीडियो शेयर किया। इसमें दीपिका, शोएब अपने बेटे रूहान के साथ सलमान खान के प्रसिद्ध घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के के पास से गुजरते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान ड्राइव के बीच दीपिका रूहान से पूछती हैं कि उसका सलमान खान का फेवरेट गाना क्या है। जैसे ही दीपिका ने बेटे से पूछा, रूहान अपनी मासूम आवाज में गाने लगता है 'ओ ओ जाने जाना'। रूहान ने केवल गाया नहीं बल्कि उसने सलमान का डायलॉग भी दोहराया जिसमें वो कहता है 'न कोई मंजिल है, न कोई सफर...'। दीपिका और शोएब भी अपने बेटे के इस टैलेंट को देखकर हैरान और बेहद खुश दिख रहे हैं। वहीं काफी लोगों ने भी नन्हें से बच्चे की सलमान को लेकर दीवानगी पर हैरानी जताई है। रूहान बताता है कि उसे सलमान खान पसंद हैं। ये गाना सलमान खान की साल 1998 में आई फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का है जिसमें वो काजोल के साथ नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में थे। वहीं अरबाज खान सलमान के भाई के रोल में थे। फिल्म का ये फेमस गाना कमाल खान ने गाया था जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा है।

## इरिटेटिंग चाची से नागिन ननद तक चाहिए

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा कॉमेडी शो में कॉमेडियन-एक्टर किकू शारदा अपने ऑन-स्क्रीन फीमेल किरदारों के लिए खूब पसंद किए जाते हैं। हाल ही में उनकी पत्नी प्रियंका ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह



किकू को बार-बार महिला के अवतार में देखकर कैसा महसूस करती हैं। टीवी शो भाग्य का पहिया के दौरान एक दिलचस्प बातचीत में होस्ट अक्षय कुमार ने किकू से मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें अक्सर चाची, मामी, मौसी, दादी जैसे किरदारों में ज्यादा देखा जाता है। इसके बाद अक्षय ने किकू की पत्नी प्रियंका से पूछा कि क्या उन्हें अपने पति को पत्नी के अवतार में देखना पसंद है? इस पर प्रियंका ने बेहद हाजिरजवाबी से जवाब दिया, सर मुझे रिश्तेदारों की कमी कभी महसूस नहीं होती है। मुझे इरिटेटिंग चाची चाहिए, नागिन वाली ननद चाहिए...। इशारों से उन्होंने कहा कि ये सारे किरदार अकेले कीकू निभा लेते हैं।

# धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटीः अल्लू, अनन्या से लेकर कार्तिक ने की फिल्म की जमकर तारीफ

*धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं।*

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी एक्स पर फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि 'धुरंधर' को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर रणवीर सिंह की तारीफ की। उन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए 'बीस्ट' लिखा। एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना



की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की। इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। 'धुरंधर 2' देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आई वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'सुपर...आग लगा दी।' प्रीति जिंटा भी मूवी देखने पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- रिवेंज हो तो धुरंधर जैसा हो वरना ना हो।' इस बीच शनाया कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर मूवी की तारीफ करते फिल्म को माइंड ब्लॉइंग बताया।

# नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में आलिया-प्रियंका का नाम

**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं।



वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं।

## बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम की

# 1974 में मिसाल बना ये एक्टर, 1 फिल्म में दिखाया कई किरदारों का जादू

*नई दिल्ली। 1974 का दौर हिंदी सिनेमा के लिए बेहद खास रहा, जब अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और धर्मेंद्र जैसे सितारे पर्दे पर छाए हुए थे। उसी साल रोटी कपड़ा और मकान और दीवार जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, लेकिन इसी भीड़ में एक ऐसा दिग्गज एक्टर भी था, जिसने बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम कर दी। इस एक्टर ने 1974 में आई एक फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। उस दौर में जब एक ही रोल में खुद को साबित करना चुनौती माना जाता था, तब इस कलाकार ने एक ही फिल्म में कई व्यक्तित्वों को इतनी सहजता से निभाया कि हर किरदार अलग पहचान बन गया।*



### वो मैं नहीं ने दी एक नई पहचान

1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई स्टार्स ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने अभिनय में नयापन लाने की कोशिश की। ऐसे ही एक कलाकार थे नवीन निश्चल, जिन्होंने अपनी फिल्मों में हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को अपनाया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई हिट फिल्में दीं। साल 1974 में आई फिल्म 'वो मैं नहीं' ने उन्हें एक नई पहचान दी। यह फिल्म खास इसलिए थी, क्योंकि इसमें नवीन निश्चल ने एक ही फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाए। उस समय यह तरीका दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक था।

### आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा

फिल्म में यह दिखाना कि एक ही अभिनेता इतने किरदारों में ढल सकता है, उस समय आसान नहीं था, लेकिन नवीन निश्चल ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुभव से यह काम बेहद खूबसूरती से किया। उनके चेहरे के भाव, हाव-भाव और बोलने का तरीका दर्शकों के मन को भा गया। यही वजह थी कि फिल्म को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा।

### बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया

नवीन निश्चल ने अक्सर अपने कॅरियर में इस तरह की बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। चाहे वह 'हंसते जख्म' में गंभीर किरदार हो या 'विक्टोरिया नंबर 203' में मजाकिया रोल, उन्होंने हर बार दर्शकों को नया अनुभव दिया। फिल्म 'वो मैं नहीं' इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक अभिनेता अपनी प्रतिभा और मेहनत से दर्शकों को रोमांचित कर सकता है।

### कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए

फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी हुई थी। इसमें मुख्य रूप से यह दिखाया गया कि कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन की कई अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को ढालता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। कहानी में कॉमिक और गंभीर दोनों तरह के पहलू थे, जिससे दर्शकों को हर पल रोमांचक लगा, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण था नवीन निश्चल का अभिनय, जो हर किरदार में अलग अंदाज और भावना लेकर आया। नवीन निश्चल ने इस फिल्म में कमाल की बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने फिल्म में कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए। एक किरदार में वे एक शांत और समझदार इंसान थे, जो अपने परिवार और दोस्तों की मदद करता है। दूसरे किरदार में उन्होंने एक चालाक और मजाकिया इंसान की भूमिका निभाई, जो परिस्थितियों का लाभ उठाता है। तीसरे किरदार में उनका रूप गंभीर और तनावपूर्ण था, जिसमें उनके चेहरे के भाव और आवाज की ताकत ने दर्शकों को पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया। इन सभी किरदारों में नवीन का अंदाज और अभिनय का तरीका बिल्कुल अलग था, लेकिन हर किरदार में उनकी कला की चमक साफ दिखाई देती थी।